

### एक नजर में

## जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 पंचेश्वर महादेव मंदिर में जल मंदिर प्याऊ की स्थापना




**आलीराजपुर।** जल संरक्षण और जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल स्रोत सेवा समागम के तहत नगर की प्रस्फुटन समितियों ने महत्वपूर्ण कार्य किया है। नगर विकास प्रस्फुटन समिति अंबेडकर वार्ड, भगत सिंह वार्ड एवं सेमलपाटी वार्ड के संयुक्त प्रयास से पंचेश्वर महादेव मंदिर परिसर में 卐जल मंदिर प्याऊ卐 की स्थापना की गई। मंदिर परिसर में प्रतिदिन बाहर से आने वाले परिक्रमा वासी, साधु-संत एवं श्रद्धालु विश्राम करते हैं। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए उन्हें शीतल एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है। इस पहल से न केवल बाहरी श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी, बल्कि शहर के स्थानीय भक्तगण भी इसका लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी श्री रोहिणी गोस्वामी , समिति अध्यक्ष श्री लोकेंद्र सिंह सोलंकी, श्रीमती नीरजा चंदेल, सुश्री अंजू वर्मा सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## जोबट में उपयंत्री को हटाने की मांग को लेकर विधायक सेना महेश पटेल के नेतृत्व में सरपंचों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**आलीराजपुर ।** जिले की जोबट विधानसभा क्षेत्र में जनपद पंचायत जोबट के उपयंत्री मालसिंह वास्कले को पद से हटाने की मांग अब तेज होती नजर आ रही है। शुक्रवार को जोबट विधायक सेना महेश पटेल के नेतृत्व में ब्लॉक के सरपंचों का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल कलेक्टर कार्यालय पहुँचा, जहां उन्होंने विस्तृत शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार, विधायक सेना महेश पटेल द्वारा पूर्व में पत्र क्रमांक 51 दिनांक 30 मार्च 2026 के माध्यम से भी इस मुद्दे को प्रशासन के संज्ञान में लाया गया था, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने के चलते सरपंचों में आक्रोश बढ़ता गया। इसी के चलते अब सामूहिक रूप से कलेक्टर से मिलकर पुन: शिकायत दर्ज कराई गई ।शिकायत पत्र में सरपंचों ने उपयंत्री मालसिंह वास्कले पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके द्वारा विकास कार्यों में लगातार अनियमितताएं बरती जा रही हैं। कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी हो रही है, वहीं पंचायतों द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को भी समय पर स्वीकृति नहीं मिल पा रही है। इसके अलावा ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण में भी लापरवाही बरती जा रही है, जिससे आमजन में असंतोष का माहौल बनता जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सरपंचों ने बताया कि यह कोई पहली शिकायत नहीं है। इससे पूर्व भी जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन संबंधित अधिकारी के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई, तो पंचायत स्तर पर आंदोलन की स्थिति भी बन सकती है। विधायक सेना महेश पटेल ने इस दौरान कहा कि जनता के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और क्षेत्र में सुचारू विकास कार्य सुनिश्चित करने की मांग की। कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस पूरे घटनाक्रम के बाद जोबट क्षेत्र की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है, वहीं ग्रामीणों की नजर अब प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## कैप्री ग्लोबल ने की रिडीमेबल एनसीडी के पब्लिक इश्यू की घोषणा

**इंदौर.** कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड, रिडीमेबल नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर्स (एनसीडी) के ट्रेंच-1 पब्लिक इश्यू की घोषणा की है, जिसकी कुल राशि 500 करोड़ रुपये है. इसमें बेस इश्यू साइज 100 करोड़ रुपये के साथ 400 करोड़ रुपये का ग्रीन शू ऑप्शन शामिल है. कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश शर्मा ने कहा, ''हम कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के सिक्योर्ड, रेटेड, लिस्टेड, रिडीमेबल नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर्स के ट्रेंच-1 इश्यू की घोषणा करते हुए प्रसन्न हैं. कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड में हम एमएसएमई लोन, हाउसिंग लोन, गोल्ड लोन और कंस्ट्रक्शन फाइनेंस सहित चार प्रमुख लेंडिंग सेगमेंट्स के माध्यम से सुरक्षित और कोलैटरलाइज्ड लोन की व्यापक रेंज प्रदान करते हैं. मजबूत एक्जीक्यूशन, सतर्क रिस्क मैनेजमेंट और टेक इनेबल्ड आउटरीच पर केंद्रित रहते हुए, हम भारत भर के उन उपभोक्ताओं को सहायता प्रदान करने के अपने विजन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, जो अभी तक मुख्यधारा की वित्तीय सेवाओं से वंचित हैं. यह एनसीडी इश्यू निवेशकों को 24 माह, 36 माह, 60 माह और 120 माह की कई अवधि (टेन्योर) के विकल्प प्रदान करता है. इसमें मासिक और वार्षिक ब्याज भुगतान के विकल्प उपलब्ध हैं तथा कूपन रेट 9.50% सालाना तक है. इश्यू स्ट्रक्चर की टेबल में सभी सीरीज के लिए कूपन रेट और टेन्योर की पूरी जानकारी दी गई है. इन एनसीडी को बीएसई लिमिटेड पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है.

## अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला 16 से

**इन्दौर.** अभ्यास मंडल का संवाद का सिलसिला 66 वे साल में भी जारी रहेगा,ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला की तैयारीयों को लेकर प्रेस क्लब परिसर में अभ्यास मंडल व्याख्यानमाला समिति, युवा , शिक्षाविद,प्रबुद्ध नागरिकों, पर्यावरणविदों सहित प्रमुख लोगों की बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी 16 मई से 21 मई 2026 तक आयोजित 66 वीं व्याख्यान माला के ,विषयों एवं वक्ताओं के नामो पर चर्चा की गई. डॉ मालासिंह ठाकुर सचिव ने बताया कि व्याख्यानमाला हेतु लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज सिन्हा, श्यामसुंदर ज्यानी पर्यावरणविद, यूएनओ से सम्मानित डॉ माधुरी कानिटकर कुलपति महाराष्ट्र स्वास्थ विज्ञान विश्वविद्यालय की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी हैं. कई वक्ताओं से संपर्क जारी हैं. बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के उपाध्यक्ष तथा पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ गौतम कोठारी ने की. पत्रकार मुकेश तिवारी ने कहा कि साहित्य को केंद्रित कर व्याख्यान रख जाना चाहिएय समाज कार्य महाविद्यालय के डॉ राजेंद्र शर्मा ने कहा कि अभ्यास मंडल की लोकप्रिय व्याख्यान माला का शहर के सभी नागरिकों को इंतजार रहता है. बैठक में अशोक जायसवाल ,मनीष भालेराव, लक्ष्मीकांत पंडित, अरविंद पोरवाल, संदीप खानविलकर, शबीर हुसैन ,शाम पांडे हरेराम वाजपाई, कुणाल भंवर, वैशाली खरे, यस जयसवाल, अजय सिंह तोमर आदि ने भी संबोधित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए.

# दादूजी महाराज संस्थान की पहल, गर्मी में शीतल जल मंदिर शुरू

▶ भूखे को भोजन प्यासे को पानी, डॉ दादूजी महाराज सेवा के भाव को कर रहा चरितार्थ



**पेटलावद।** भूखे को भोजन प्यासे को पानी इस कहावत को चरितार्थ करने वाले भगवान श्री शनिदेव की कृपा से क्षेत्र के सामाजिक,धार्मिक आयोजनों में अग्रणी सहभागिता निभाने वाले डा दादूजी महाराज संस्थान के द्वारा नगर में एक सराहनीय व अनुकरणीय पहल की है। विदित हो कि संस्थान द्वारा प्रत्येक अमावस्या को क्षेत्र में गरीब असहाय जन के बीच जाकर अन्नदान वितरण का आयोजन किया जाता हे ।इसी पुनीत कार्य को दादूजी महाराज संस्थान के द्वारा एक अनुकरणीय पहल करते हुए आगे बढ़ाया हे ।

गर्मी के समय में राहगीरों ओर आमजन को शीतल जल की व्यवस्था करते हुए डॉ दादूजी महाराज संस्थान पेटलावद के द्वारा शुक्रवार को नगर के रूपगढ़ रोड पर डा दादूजी महाराज जल मंदिर की स्थापना करते हुए प्याऊ का शुभारंभ किया हे । प्याऊ का शुभारंभ पेटलावद संस्थान के वरिष्ठ सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार भंडारी ओर अशोक वर्मा ने विधिवत पूजन करते हुए फीता काटकर किया।

### इनकी रही गरिमामई उपस्थिति

इस अवसर पर आर्यवर्त पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष हरीश राठौर, अभिभाषक संघ के उपाध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मनोज पुरोहित, पत्रकार अर्जुन ठाकुर, एडवोकेट खुशाल हीहोर, पीयूष राठौर, रमेश राठौर, दिनेश लुगरिया, रोहित चौहान ,मंटू निनामा, कालुसिंह खपेड़ सहित बड़ी संख्या में संस्थान के सदस्य ओर आमजन उपस्थित थे ।

# कलेक्टर ने की स्वास्थ्य-पोषण योजनाओं की संयुक्त समीक्षा

▶ एचपीवी टीकाकरण को विशेष अभियान के माध्यम से संचालित किया जाए



**आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।**

कलेक्टर माथुर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने जमीनी अमले को सक्रिय करते हुए कुपोषण, एनीमिया एवं सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की नियमित स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि कोई भी महिला या बच्चा कुपोषण का शिकार न हो।

उन्होंने ह्यूमन पेपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। यह वैक्सीन बालिकाओं के लिए महत्वपूर्ण है, जो भविष्य में सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करती है। इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर ग्रामीण क्षेत्रों में फैली भ्रांतियों को दूर करने और अधिक से अधिक बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर माथुर ने अधिकारियों को कहा कि स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग जिले के समग्र विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

### ▶ योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारी करें लगातार मॉनिटरिंग

बैठक में वय वंदना योजना के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति करने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। जिला पोषण समिति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति पर नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि कई केंद्रों पर बच्चों को नियमित आहार नहीं मिल रहा है तथा बच्चों की उपस्थिति भी कम है। समूहों द्वारा भोजन एवं नाश्ता समय पर न दिए जाने के कारण महिलाओं और बच्चों में कुपोषण जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के जीवन की प्रारंभिक पाठशाला होते हैं, ऐसे में वहां की व्यवस्था बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है।

कलेक्टर माथुर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को सख्त निर्देश देते हुए कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि योजनाओं का संचालन सुचारू रूप से नहीं हुआ तो जिला स्तर से लेकर जमीनी स्तर तक सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## कलेक्टर माथुर ने किसानों से की फार्मर रजिस्ट्री करवाने की अपील



**आलीराजपुर।** कलेक्टर नीतू माथुर ने जिले के कृषकों से अपील करते हुए कहा कि फार्मर रजिस्ट्री किसानों का एक डिजिटल डेटाबेस है, जो आधार से जुड़ी 11 अंकों की यूनिक आईडी (द्बष्ठ) प्रदान करता है। यह एग्रीस्टैक के तहत जमीन का डिजिटल रिकॉर्ड है, यह व्यवस्था किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जिससे आगामी दिनों में सरकार की योजना का सीधा लाभ कृषकों को प्राप्त होगा । उन्होंने अपील करते हुए कहा कि जल?द से जल?द समस्त कृषक बंधु अपनी फार्मर रजिस्ट्री करवाना सुनिश्चित करें ।

## 13 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक ग्राम पंचायतों में आधार कैंप आयोजित होंगे

**आलीराजपुर। कलेक्टर माथुर ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आधार कार्ड अपडेट एवं संबंधित कार्यों में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए 13 अप्रैल 2026 से 17 अप्रैल 2026 तक विशेष आधार कैंप आयोजित किए जाएंगे। यह कैंप कलेक्टर कार्यालय (ई-गवर्नेंस सोसायटी) के निर्देशन में जनपद पंचायतों पर लगाए जा रहे हैं।**

उन ग्राम पंचायतों में कैंप लगाए जाएंगे, जहां बड़ी संख्या में आधार कार्ड अपडेट, सुधार एवं अन्य सेवाओं की आवश्यकता है। कैंप के माध्यम से नागरिकों को अपने नजदीकी ग्राम पंचायत स्तर पर आधार से जुड़ी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उन्हें जिला मुख्यालय या अन्य स्थानों पर जाने की परेशानी नहीं होगी।

इस कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 13 एवं 15 अप्रैल 2026 को ग्राम पंचायत अजंदा, सेजगांव, बरझर,पहाडवा,कंदा, सोरवा,उमराली,उमरखड,उत्ती, टोकरिया झीरण आदि ग्राम पंचायतों में एवं दिनांक 16 एवं 17 अप्रैल 2026 को इंदरसिंह चौकी,
बड़दला,रिंगोल,रणजीतगढ,
बलदमुंग,चांदपुर,
गुलवट,दलकली, बडा ईटारा, टेरका आदि ग्राम पंचायतों में कैंप आयोजित होंगे। कैंप में नियुक्त ऑपरेटरों द्वारा आधार अपडेट, मोबाइल नंबर लिंक, नाम, पता एवं अन्य आवश्यक सुधार कार्य किए जाएंगे। प्रशासन ने संबंधित ग्राम पंचायतों के नागरिकों से निर्धारित तिथियों पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस सुविधा का लाभ लेने की अपील की है।

# भागवत कथा ईश्वर के प्रति प्रेम, समर्पण और जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने की देती है प्रेरणा...

**बरवेट/पेटलावद। श्री संकट मोचन सरकार बरवेट के सानिध्य में सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन मुख्य रूप से भक्त ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद प्रसंग और नरसिंह जी का माहिरा की कथा सुनाई। कथा व्यास सुगना बाईसा ( गौसेवा कुंज उज्जैन ) ने ईश्वर की लीलाओं को सुनाते हुए कहा कि बुराई पर अच्छाई और भक्ति की शक्ति की जीत निश्चित होती है।**

तीसरे दिन की कथा में समुद्र मंथन की कथा का भी वर्णन करते हुए कहा कि जो हमारे मन के भीतर चलने वाले अच्छे और बुरे विचारों के मंथन का प्रतीक है। झ साध्वी श्री सुगना बाईसा ने कहा भगवान की भक्ति से किसी भी कष्ट को दूर किया जा सकता है और अडिग विश्वास से ईश्वर को पाया जा सकता है। इसके बाद भक्त प्रह्लाद और नरसिंह अवतार की कथा का श्रवण करवाते हुए साध्वी जी ने कहा कि हिरण्यकश्यप के अत्याचारों और प्रह्लाद की भक्ति को वृतांत सुनते हुए नरसिंह द्वारा भक्त की रक्षा और पापियों के अहंकार के अंत होता है। इसके बाद कथा को आगे बढ़ाते हुए समुंद्र मंथन के प्रसंग सुनते हुए कहा कि मानव हृदय ही संसार सागर है, जहाँ अच्छे और बुरे विचार मंथन करते हैं।




### ▶ सुमधुर भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु...

कथा व्यास द्वारा दानव रूपी बुराई पर देवता रूपी अच्छाई की जीत का संदेश दिया। साथ के बीच-बीच में मनमोहक भजनों की प्रस्तुति से माहौल भक्तिमय हो जाता है। जिस पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया। कथा को आगे बड़ते हुए साध्वी श्री ने मनु सतरुपा की कथा सुनाई। ध्रुव जी की कथा सुनाई। यज्ञनारायण भगवान के प्राकट्य की कथा सुनाई।कर्दम मुनि की नौ कन्याओं की कथा का वर्णन किया।दक्ष प्रजापति के घर सती के प्राकट्य होने की कथा का वर्णन किया।उन्होने कहा कि संत कहते है बंजर भुमि पर किए गए हवन का फल नही मिलता।संत,भगवान को वृक्ष के गोंद का भोग नहीं लगता।

### एक नजर में ▶ जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# राहवीर योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर जिलेवासियों को प्रेरित करें : कलेक्टर माथुर

**आलीराजपुर। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान कलेक्टर नीतू माथुर ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिले को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि दुकानदारों को नोटिस जारी किए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी अपनी दुकानों का सामान सड़क पर न रखे।**



कलेक्टर माथुर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सब्जी विक्रेता सड़कों पर बैठकर व्यापार न करें तथा किसी भी व्यापारी द्वारा सड़क पर दुकान संचालन न किया जाए। शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने पर जोर दिया गया। बैठक में ओवरलोडिंग वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने, पुरानी बसों की नियमित फिटनेस जांच सुनिश्चित करने तथा शादी-विवाह के अवसरों पर तूफान एवं अन्य सवारी वाहनों की विशेष जांच करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाए।

कलेक्टर माथुर ने माल वाहक वाहनों पर रेडियम या अन्य इंडिकेटर लगाने के निर्देश दिए, ताकि रात्रि के समय दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही, दुर्घटना संभावित (एक्सीडेंट) जोन में आवश्यक संकेतक लगाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही माल वाहकों में क्षमता से अधिक माल होने पर चलानी कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए । उन्होने हाट-बाजार के दिनों में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने, सड़कों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा युवा बाइक चालकों पर सख्ती बरतने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में राह वीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि आमजन को यह जानकारी दी जाए कि दुर्घटना के समय घायलों की मदद करने वाले व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कानूनी प्रक्रिया में नहीं उलझाया जाएगा।साथ ही किसी भी पीड़ित व्यक्ति की मदद करने पर उन्हें शासन द्वारा पुरस्कृत भी किया जाएगा ।

इसके अलावा, ट्रामा सेंटर में दुर्घटना पीड़ितों के प्राथमिक उपचार की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों की आवश्यकता के संबंध में वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा भी की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया , अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निधि मिश्रा , सुश्री दिपीका पाटीदार , कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी विजय पटेल , जिला परिवहन अधिकारी श्रीमती कृतिका मोहटा , जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अतुलकर सहित संबंधित विभाग प्रमुख उपस्थित थे।